# वर्णमाला

निर्देश- (1-9) : एक शब्द के बाद चार अन्य शब्द दिए गए हैं, जिनमें से एक शब्द का दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके गठन नही किया जा सकता है। चार विकल्पों में से वह शब्द ज्ञात कीजिए।

1. **ENTERTAINING**
   (a) TERTIARY (b) INERTIA
   (c) TANNING (d) TREATING

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

दिए गए शब्द ENTERTAINING के अक्षरों के प्रयोग से TERTIARY शब्द नहीं बनाया जा सकता क्योंकि मूल शब्द में TERTIARY शब्द का Y अक्षर नहीं है।

2. **PERSEVERANCE**
   (a) ENERVATE (b) PRESERVE
   (c) SEVERE (d) SERENE

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

दिए गए शब्द PERSEVERANCE से ENERVATE शब्द नहीं बनाया जा सकता क्योंकि मूल शब्द में T अक्षर अनुपस्थित है।

3. **SUPERINTENDENT**
   (a) DENTIST (b) PERTINENT
   (c) TEENER (d) RETENTION

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

दिए गए शब्द SUPERINTENDENT से RETENTION शब्द नहीं बनाया जा सकता क्योंकि मूल शब्द में 'O' अक्षर अनुपस्थित है।

4. **PERPENDICULARITY**
   (a) REPAINT (b) TYPIER
   (c) DICTIONARY (d) TYPICAL

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

दिए गए शब्द PERPENDICULARITY से शब्द DICTIONARY नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि मूल शब्द में DICTIONARY का अक्षर 'O' अनुपस्थित है।

5. **NATURALIZATION**
   (a) TURN (b) NATION
   (c) NATURAL (d) RURAL

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

दिए गए शब्द NATURALIZATION से RURAL शब्द नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि मूल शब्द में अक्षर 'R' एक ही बार है जबकि RURAL शब्द में अक्षर 'R' दो बार आया है।

6. **IMPERISHABLE**
   (a) IMPERIAL (b) PERISH
   (c) PERSON (d) ABLE

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

दिए गए शब्द IMPERISHABLE से शब्द PERSON नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि मूल शब्द में PERSON के अक्षर 'O' तथा 'N' अनुपस्थित है।

7. **INTERVENTION**
   (a) ENTER (b) INVENTION
   (c) INTENTION (d) ENTERTAIN

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

दिए गए शब्द 'INTERVENTION' के अक्षरों का प्रयोग करके शब्द 'ENTERTAIN' नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि शब्द ENTERTAIN का अक्षर 'A' मूल शब्द में अनुपस्थित है।

8. **COMMENTATORS**
   (a) COMMON (b) MOMENT
   (c) COSMOS (d) ROTATE

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(c)**

दिए गए शब्द COMMENTATORS से COSMOS शब्द नहीं बनाया जा सकता क्योंकि COSMOS शब्द में दो 'S' हैं जबकि दिए गए शब्द में एक ही 'S' अक्षर है।

**9. CONSULTATIONS**

(a) CONSTANT

(b) STATION

(c) SOLUTION

(d) NATIONAL

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

CONSULTATIONS शब्द से NATIONAL शब्द नहीं बनाया जा सकता क्योंकि मूल शब्द में अक्षर A का प्रयोग एक ही बार हुआ है।

**10. अक्षरों RBAE में से प्रत्येक को प्रत्येक शब्द में केवल एक बार प्रयोग कर कितने सार्थक अंग्रेजी शब्द बनाए जा सकते हैं?**

(a) तीन (b) एक भी नहीं

(c) एक (d) दो

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

RBAE का प्रयोग कर केवल दो सार्थक अंग्रेजी शब्द बनाए जा सकते हैं। जो है-1. BEAR - भालू 2. BARE - अल्प

**11. निम्नलिखित कौन-सा एक अक्षर जब नीचे के शब्दों के पहले लगाया जाएगा तो नए शब्दों को बनाएगा?**

**ASH,ATE,APE,AID**

(a) G (b) R

(c) T (d) S

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(b)**

R अक्षर को दिए गए शब्दों से पहले लगाने पर नया शब्द बनेगा

ASH → RASH (ददोरा)

ATE → RATE (दर)

APE → RAPE (शीलभंग)

AID → RAID (छापा)

**12. अंग्रेजी वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर को यदि वर्णमाला में उसके क्रमांक के समान मूल्य दिया जाए तो निम्नलिखित में से किसके सभी अक्षरों के मूल्यों का योग सर्वाधिक होगा?**

**HEART, LIVER, LUNGS, TEETH**

(a) HEART (b) LIVER

(c) LUNGS (d) TEETH

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

HEART = 8 + 5 + 1 + 18 + 20 = 52

LIVER = 12 + 9 + 22 + 5 + 18 = 66

LUNGS = 12 + 21 + 14 + 7 + 19 = 73

TEETH = 20 + 5 + 5 + 20 + 8 = 58

अतः स्पष्ट है कि LUNGS के सभी अक्षरों के मूल्यों का योग सर्वाधिक होगा।

**13. यदि A = 1 और AID = 36 तो BELL?**

(a) 16690 (b) 2210

(c) 1440 (d) 1210

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(c)**

दिया है A = 1

∴ AID = 1 × 9 × 4 = 36

(वर्णमाला में अक्षरों के क्रम स्थानों का गुणनफल)

∴ BELL = 2 × 5 × 12 × 12

(वर्णमाला में अक्षरों के क्रम स्थानों का गुणनफल)

= 1440

**14. यदि SNOOKER = 8 और ROBE = 5, तो CRICKET = ?**

(a) 8 (b) 9

(c) 5 (d) 7

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(a)**

जिस प्रकार

SNOOKER में अक्षरों की संख्या = 7 + 1 = 8

तथा ROBE = 4 + 1 = 5

उसी प्रकार,

CRICKET = 7 + 1 = 8 होगा।

15. यदि RED को कूट भाषा में 360 लिखा जाता है, तो GREEN को लिखा जा सकता है-

(a) 41400 (b) 44110

(c) 44100 (d) 44400

UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर—(c)

जिस प्रकार

RED = $18 \times 5 \times 4$ (वर्णमाला के क्रम स्थान का गुणनफल)

$=360$

उसी प्रकार

GREEN $= 7 \times 18 \times 5 \times 5 \times 14$

$=44100$

16. यदि FACE को 6135 के रूप में कोड किया जाता है तथा DEAD को 4514 के रूप में कोड किया जाता हे, तो HIGH को कोड किया जाएगा।

(a) 6536

(b) 8978

(c) 9887

(d) 9556

UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर—(b)

जिस प्रकार

FACE $\rightarrow$ 6135 (वर्णमाला का क्रम स्थान है)

तथा DEAD $\rightarrow$ 4514 (वर्णमाला का क्रम स्थान है)

उसी प्रकार HIGH शब्द के अक्षरों का वर्णमाला में क्रम 8978 होगा।

17. यदि READ = 14, हो तो LEARN = ?

(a) 18 (b) 16

(c) 30 (d) 25

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर—(d)

जिस प्रकार

$$READ = 18+5+1+4 = \frac{28}{2} \Rightarrow 14$$

$$\frac{\text{(वर्णमाला के क्रम स्थानों का योग)}}{2}$$

उसी प्रकार

$$LEARN = 12+5+1+18+14 = \frac{50}{2} \Rightarrow 25$$

$$\frac{\text{(वर्णमाला के क्रम स्थानों का योग)}}{2}$$

अत: $? = 25$

18. 'MOMENT' शब्द के अक्षरों को कितने तरह से क्रमबद्ध कर सकते हैं?

(a) 360 (b) 60

(c) 720 (d) 120

UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016

उत्तर—(a)

MOMENT शब्द में अक्षरों की संख्या = 6

तथा MOMENT शब्द में अक्षर M, 2 बार आया है।

$\therefore$ MOMENT शब्द के अक्षरों से कुल क्रमबद्धों की संख्या

$$= \frac{\lfloor 6}{\lfloor 2} = \frac{6 \times 5 \times 4 \times 3 \times \lfloor 2}{\lfloor 2}$$

$= 30 \times 12 \Rightarrow 360$

19. यदि ALL = 25 एवं NOW = 52, तो NONE = ?

(a) 44 (b) 48

(c) 53 (d) 57

UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर—(b)

जिस प्रकार

ALL $= 1+12+12 \Rightarrow 25$ (वर्णमाला क्रम में अक्षरों के स्थानिक मानों का योग)

NOW $= 14+15+23 \Rightarrow 52$

उसी प्रकार

NONE $= 14+15+14+5 \Rightarrow 48$

अत: विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

# रक्त संबंध


1. एक फोटो की ओर संकेत करते हुए विनोद ने कहा, "यह मेरी पत्नी की माता की एकमात्र पुत्री की पुत्री है।" विनोद का फोटो वाली लड़की से क्या संबंध है?

(a) चाचा (b) पिता

(c) भाई (d) दादा

UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर–(b)




विनोद की पत्नी की माता की एकमात्र पुत्री अर्थात विनोद की पत्नी होगी और उसके पत्नी की पुत्री अर्थात विनोद की पुत्री जो फोटो में है। अतः विनोद फोटो वाली लड़की का पिता है।


2. यदि A, B और K का भाई है। D मां है B की तथा E पिता है A का, तो निम्नलिखित में से कौन-सा निश्चित रूप से असत्य है?

(a) B भाई है K का (b) A पिता है K का

(c) D पत्नी है E की (d) A पुत्र है E का

UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016

उत्तर–(b)




अतः प्रश्नगत विकल्पों में निश्चित रूप से विकल्प (b) असत्य होगा। क्योंकि A, K का पिता नहीं भाई है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।


3. A, B का पिता है। E, A का भाई है। D, A का पिता है, यदि C, B की बहन है, तो E का C से क्या संबंध है?

(a) बहन (b) पिता

(c) चाचा (d) भतीजा

UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016

उत्तर–(c)




चित्र से स्पष्ट है E, C का चाचा होगा।


4. एक संयुक्त परिवार में A, B, C, D, E और F सदस्य हैं जिनमें C, F की बहन है और B, E के पति का भाई है। D, A का पिता और F का दादा है। परिवार में दो पिता, तीन भाई और एक माता है। बताइए माता कौन है?

(a) D (b) E

(c) B (d) A

UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016

उत्तर–(b)




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि E, C और F की माता होगी।


5. अजय और विजय भाई हैं। राम विजय के पिता हैं। कमला राम की बहन है। प्रेमा राम की भांजी है। शुभा कमला की नातिन है। अजय का शुभा से क्या संबंध है?

(a) भाई (b) ममेरा भाई

(c) मामा (d) भांजा

UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर–(c)




राम की भांजी प्रेमा अर्थात कमला की बेटी है जो अजय और विजय की फुफेरी बहन लगेगी, कमला की नातिन शुभा प्रेमा की पुत्री होगी अर्थात प्रेमा का भाई (ममेरा) अजय, शुभा का मामा होगा।

**6. मान लीजिए—**

**(1) A, B का भाई है।** **(2) C, A का पिता है।**

**(3) D, E का भाई है।** **(4) E, B की पुत्री है।**

**तो D का चाचा कौन है?**


(a) A (b) B

(c) C (d) E

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(a)**

प्रश्नानुसार




प्रश्न में 'B' का लिंग स्पष्ट नहीं किया गया है, ऐसी स्थिति में 'D' का चाचा कौन है, यह बताना संभव नहीं होगा क्योंकि यदि 'B' महिला हुई तो 'A', 'D' का मामा होगा, किंतु यदि 'B' पुरुष हुआ तो 'D' का चाचा 'A' होगा। हालांकि UPSSSC ने 'B' को पुरुष मानकर इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (a) दिया है।

**7. 'A', 'B' का पिता है। 'B', 'C' का भाई है। 'D', 'A' की मां है। 'C', 'D' से किस रूप में संबंधित है—**


(a) मां (b) दादी/नानी

(c) बहन (d) बेटी

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि D, C की दादी होगी। अतः C, D से पौत्र या पौत्री के रूप में संबंधित है।

# दिशा परीक्षण

1. हनीफ को इच्छा होती है कि वह अपने दोस्त जॉसेफ के घर का पता लगाए, जिसका घर उसके घर से 20 कि.मी. पूर्व की ओर है। हनीफ अपने घर से उत्तर की ओर 5 कि.मी. चल पड़ता है और दाहिना मोड़ लेते हुए और 11 कि.मी. चलता है। फिर वह दाहिना मोड़ लेता है और 9 कि.मी. चलता है। फिर वह बायां मोड़ लेता है और 9 कि.मी. चलता है। उस जगह पर आकर वह जोसेफ को ढूंढने में मुश्किल में पड़ जाता है और रुक जाता है। वहां से कितनी दूरी और किस दिशा में हनीफ को चलना चाहिए ताकि वह जोसेफ का घर पता कर सके?

(a) उसे बाईं ओर मुड़कर 9 कि.मी. चलना चाहिए।


(b) उसे दाईं ओर मुड़कर 4 कि.मी. चलना चाहिए।

(c) उसे बाईं ओर मुड़कर 4 कि.मी. चलना चाहिए।

(d) उसे सीधा 9 कि.मी. चलना चाहिए।

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि हनीफ को बाईं ओर मुड़कर 4 किमी. उत्तर की दिशा में चलना होगा, ताकि जोसेफ के घर पहुंच सके।

2. मेघना दक्षिण की ओर 10 किमी. गाड़ी चलाती है, फिर वह दाएं मुड़ती है और 6 किमी. गाड़ी चलाती है। वह फिर एक बार दाएं मुड़ती है और 10 किमी. गाड़ी चलाकर रुक जाती है। वह अपनी शुरुआती जगह से कितनी दूरी पर है?

(a) 4 किमी.


(b) 16 किमी.

(c) 10 किमी.

(d) 6 किमी.

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**




चित्र से स्पष्ट है कि मेघना अपनी प्रारम्भिक जगह से 6 किमी. की दूरी पर है।

3. गीता एक बिंदु X से चलना शुरू करती है और पश्चिम की तरफ 3 मील जाती है, फिर दाहिने मुड़कर 2 मील चलती है, वह फिर दाहिने मुड़ती है और 1 किमी. चलती है। वह अभी (उसका मुख) किस दिशा की तरफ है?


(a) पूर्व (b) पश्चिम

(c) उत्तर (d) दक्षिण

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(a)**

प्रश्नानुसार चित्र




स्पष्ट है कि अब गीता का मुख पूर्व दिशा की ओर है।

4. A तथा B ने एक बिंदु से विपरीत दिशाओं में चलना आरंभ किया। दोनों 5 किमी. चलकर अपने दाएं मुड़े और 7 किमी. चले। उसके बाद वह फिर दाएं मुड़ गए और 5 किमी. चले। परिणामस्वरूप दोनों अब एक-दूसरे से कितनी दूरी पर हैं?

(a) 10 किमी.

(b) 12 किमी.

(c) 14 किमी.


(d) 17 किमी.

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

प्रश्नानुसार




स्पष्ट है A और B के बीच की दूरी

NQ = NO + OQ

= AM + BP

(∵ NO = AM तथा OQ = BP होगा)

$= 7 + 7 \Rightarrow 14$ किमी.

**5. कविता पूर्व में 10 फीट A से B की ओर चलती है, फिर वह दाहिनी ओर मुड़ती है और 3 फीट चलती है, फिर वह दाहिनी ओर मुड़ती है और 14 फीट चलती है। अब वह A से कितनी दूर है?**

(a) 27 फीट (b) 24 फीट

(c) 4 फीट (d) 5 फीट

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**


**उत्तर—(d)**


माना कविता O बिंदु पर पहुंचती है।

AM = BN = 3 फीट

तथा OM = ON − MN

$= 14 - 10 \Rightarrow 4$ फीट




Δ AMO में

$$OA = \sqrt{(AM)^2 + (MO)^2}$$

$$= \sqrt{(3)^2 + (4)^2}$$

$$\therefore OA = \sqrt{9+16} \Rightarrow \sqrt{25}$$

$= 5$ फीट

अतः कविता प्रारंभिक स्थान से 5 फीट दूर है।


**6. नितिन का मुंह पूर्व की ओर है। वह घड़ी की सुइयों की दिशा में 120° घूम जाता है। इसके बाद वह घड़ी की सुइयों की विपरीत दिशा में 165° घूम जाता है। अब उसका मुंह किस दिशा में है?**

(a) उत्तर-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम

(c) दक्षिण-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**




अतः स्पष्ट है कि अब नितिन का मुंह उत्तर-पूर्व दिशा में है।


**7. रवि 8 मी. उत्तर-पूर्व तथा 6 मी. दक्षिण-पूर्व में चला, अब उसकी प्रारंभिक स्थान और अंतिम स्थान के बीच की दूरी कितनी है?**

(a) 10 मी. (b) 14 मी.

(c) 18 मी. (d) 2 मी.

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**




प्रारंभिक स्थान O से अंतिम स्थान B तक की दूरी

$$(OB) = \sqrt{(OA)^2 + (AB)^2}$$

$$= \sqrt{(8)^2 + (6)^2}$$

$$= \sqrt{64+36} \Rightarrow \sqrt{100}$$

$= 10$ मी.

अतः रवि के प्रारंभिक एवं अंतिम स्थान के मध्य की दूरी 10 मी. है।

8. एक व्यक्ति का मुंह उत्तर की ओर है। वह घड़ी की सुइयों की दिशा में 45° घूम जाता है। इसके बाद वह घड़ी की सुइयों की विपरीत दिशा में 90° घूम जाता है। अब उसका मुंह किस दिशा में है?

(a) दक्षिण-पश्चिम


(b) उत्तर-पश्चिम

(c) दक्षिण-पूर्व

(d) उत्तर-पूर्व

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर–(b)




स्पष्ट है अब व्यक्ति का मुंह उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर है।


9. सबसे पहले अहमद अपने स्थान से उत्तर की ओर 20 मीटर जाता है, तब वह अपनी दायीं ओर 15 मीटर चलता है। पुनः वह दायीं ओर मुड़ता है और 20 मीटर चलता है। तुरंत बायीं ओर मुड़कर वह 25 मीटर चलता है। अब अहमद अपने चलने के स्थान से कितनी दूर है?

(a) 35 मीटर (b) 45 मीटर

(c) 50 मीटर (d) 40 मीटर

UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर–(d)




अहमद 'O' स्थान से चलकर स्थान A पर पहुंचता है। इस प्रकार अहमद के प्रारंभिक स्थान एवं अंतिम बिंदु के बीच की दूरी (OA)

= 15 + 25

= 40 मीटर

10. एक आदमी ने पश्चिम दिशा की ओर चलना शुरू किया। कुछ दूर चलने के बाद वह दाईं ओर मुड़ा, फिर वह दाईं ओर मुड़ा, आखिर में बाईं ओर मुड़ा। बताओ वह किस दिशा की ओर जा रहा है?

(a) उत्तर

(b) पश्चिम

(c) उत्तर-पूर्व


(d) पूर्व

UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016

उत्तर–(a)

प्रश्नानुसार

दी गई स्थितियों का पालन करने पर–




अतः चित्रानुसार स्पष्ट है कि, अंत में व्यक्ति का मुख उत्तर दिशा की ओर होगा।

11. एक व्यक्ति बिंदु A से पूर्व की तरफ चलता है और B बिंदु पर दाएं मुड़ता है और उतनी ही दूरी तक चलता है जितना वह पूर्व दिशा में चला था। अब वह बाएं मुड़ता है और फिर से उतनी ही दूरी तय करता है। अंततः वह बाएं मुड़ता है और उतनी ही दूरी तक चलकर बिंदु C पर रुक जाता है। बताइए बिंदु A और C के बीच की दूरी बिंदु A और B की दूरी से कितने गुना है?

(a) 2 गुना है

(b) 3 गुना है


(c) बराबर है

(d) आधी है


UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016

उत्तर–(a)

माना A और B के बीच की दूरी $x$ है




BC = $x$ होगा




$AC = 2x$

$= 2AB$

अतः AC के बीच की दूरी AB की दूरी से दोगुना है।

**12. एक व्यक्ति ने प्रातः सूर्य की ओर चेहरा करके सड़क पर चलना शुरु किया। 2 मील चलने के बाद वह अपनी बाईं ओर मुड़कर चलता है। फिर 2 मील बाद वह अपनी दाईं ओर मुड़कर चलता है। अब वह किस दिशा की ओर चल रहा है?**

(a) पूर्व


(b) पश्चिम

(c) उत्तर

(d) दक्षिण

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(a)**




स्पष्ट है व्यक्ति प्रातः सूर्य की ओर चेहरा करके सड़क पर चलता है यानी पूर्व दिशा की ओर जा रहा है फिर बाएं मुड़कर (उत्तर की ओर) 2 मील चलता है उसके बाद वह दाएं मुड़कर अर्थात पूर्व दिशा की ओर चलता है।

अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**13. राहुल 2 किमी. पश्चिम की ओर चलता है और फिर वो उत्तर की तरफ मुड़ता है और 5 किमी. चलता है। फिर वह पश्चिम की तरफ मुड़ता है और 3 किमी. चलता है। इसके बाद वह उत्तर की तरफ मुड़ता है और 7 किमी. चलता है। अब वह प्रस्थान बिंदु से किस दिशा में है?**

(a) उत्तर-पूर्व


(b) उत्तर

(c) उत्तर-पश्चिम

(d) पूर्व

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(c)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि राहुल प्रस्थान बिंदु (Starting Point) से उत्तर-पश्चिम दिशा में है।

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**14. लक्ष्मण अपने घर से 15 किमी. पश्चिम गया, फिर बाएं मुड़कर 20 किमी. गया। वह फिर पूरब की ओर मुड़ा और 25 किमी. गया और अंत में बाएं मुड़कर 20 किमी. गया। वह अपने घर से कितनी दूरी पर था?**

(a) 5 किमी.


(b) 10 किमी.

(c) 15 किमी.

(d) 20 किमी.

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**




$OA = 25 - 15$

$= 10$ किमी.

चित्र से स्पष्ट है कि लक्ष्मण अपने घर O से बिंदु A अर्थात OA 10 किमी. की दूरी पर है।

अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

# आंकड़ा निर्णयन एवं तर्क आधारित प्रश्न


**निर्देश- (प्रश्न संख्या 1 से प्रश्न संख्या 3)** सात कारें $C_1, C_2, C_3, C_4, C_5, C_6$ एवं $C_7$ एक पार्किंग में खड़ी हैं। आगे यह पता चलता है कि $C_3$, $C_1$ के 10 मीटर दक्षिण में है। $C_6$, 7 मीटर उत्तर में है $C_7$ के, जो कि $C_5$ के दक्षिण में 10 मीटर पर खड़ी है। $C_4$, 10 मीटर पूर्व में है $C_6$ के, जो कि $C_1$ के 3 मीटर पश्चिम में है। $C_2$, $C_5$ के 3 मीटर पूर्व में है।

**1. $C_2$ के संबंध में, $C_3$ की दूरी एवं दिशा बताएं?**

(a) 10 मीटर, दक्षिण (b) 13 मीटर, दक्षिण
(c) 10 मीटर, उत्तर (d) 13 मीटर, उत्तर

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(b)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि $C_2$ के संबंध में $C_3$ की दूरी $= 10 + 3 = 13$ मीटर, दक्षिण दिशा में है।

**2. निम्न में से कौन-सी कारें, समरेख हैं?**

(a) $C_5, C_2, C_1$ (b) $C_1, C_4, C_3$
(c) $C_1, C_6, C_4$ (d) $C_1, C_6, C_7$

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(c)**


उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि कारें $C_1$, $C_6$ एवं $C_4$ समरेख हैं।

**3. यदि $C_5$ एवं $C_7$ के मध्य में एक कार $C_8$ खड़ी है, तो $C_8$ के संबंध में $C_6$ की दूरी कितनी है?**

(a) 1 मीटर (b) 2 मीटर (c) 3 मीटर (d) 4 मीटर

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(b)**




स्पष्ट है $C_8$ एवं $C_6$ के बीच की दूरी $= 5 - 3$
$= 2$ मीटर

**निर्देश - (प्रश्न संख्या 4 से प्रश्न संख्या 8 तक)**

यह प्रश्न निम्नलिखित जानकारी पर आधारित है-

आठ सदस्यों के एक परिवार में, प्रत्येक व्यक्ति केवल एक खेल खेलता है। कोई भी दो व्यक्ति समान खेल नहीं खेलते हैं। उनके बारे में निम्नलिखित जानकारी का पता लगा है।

(i) R वॉलीबॉल खेलता है और उसकी शादी उससे हुई है जो कि हॉकी खेलती है।
(ii) U की पत्नी V टेनिस खेलती है। S के ससुर फुटबॉल खेलते हैं।
(iii) W, Q का पुत्र है, और वह बास्केटबॉल खेलता है। Q की शादी उससे हुई है जो कि फुटबॉल खेलता है।
(iv) P का पुत्र R है जो कि U का पिता है।
(v) T उसका पोता है जो कि हॉकी खेलती है।
(vi) S, W की पत्नी नहीं है। वह व्यक्ति जो स्क्वाश खेलता है, वह पुरुष है।
(vii) U टेबल टेनिस खेलता है और कोई एक व्यक्ति क्रिकेट खेलता/खेलती है।


**4. S का पति कौन-सा खेल खेलता है?**

(a) क्रिकेट (b) फुटबॉल
(c) बास्केटबॉल (d) वॉलीबॉल

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार




स्पष्ट है S का पति R वॉलीबॉल खेलता है।

5. स्क्वैश कौन खेलता है?

(a) Q (b) T

(c) U (d) P

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर–(b)

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि T स्क्वैश खेलता है।

6. वह व्यक्ति जो बास्केटबॉल खेलता है, वह टेबल टेनिस खेलने वाले से कैसे संबंधित है?

(a) पुत्र (b) भाई

(c) पिता (d) चाचा

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर–(d)

उपर्युक्त प्रश्न से, W बास्केटबॉल खेलता है जिसके पिता P हैं एवं P, U का दादा है। अत: बास्केटबॉल वाला व्यक्ति अर्थात W टेबल टेनिस खेलने वाले व्यक्ति अर्थात U का चाचा है।

7. V की सास कौन-सा खेल खेलती है?

(a) हॉकी (b) वॉलीबॉल

(c) टेबल टेनिस (d) फुटबॉल

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर–(a)

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि V की सास S है जो हॉकी खेलती है।

8. U का पुत्र, P की बहू से किस तरह संबंधित है?

(a) पुत्र (b) भाई

(c) दामाद (d) पोता

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर–(d)

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि U का पुत्र T, P की बहू अर्थात S का पोता है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 9-13 के लिए)**

यह प्रश्न निम्न सूचना पर आधारित है-

सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F एवं G एक गोल मेज के चारों ओर या केंद्र या तो बाहर की तरफ मुंह करके बैठे हैं। उनमें से प्रत्येक एक अलग शहर के अंतर्गत आता है यानी हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली, पूने, बंगलुरु, गुजरात एवं चेन्नई, लेकिन जरूरी नहीं कि एक क्रम में हो। D पूने से सबंधित नहीं है। C, G से दाईं तरफ तीसरे क्रम पर बैठा है। G केंद्र की तरफ मुंह करके बैठा है, D एवं F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F एवं D दोनों केंद्र की तरफ मुंह करके बैठे हैं। C एवं पूने से संबंधित व्यक्ति के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। C के तुरंत पास वाला व्यक्ति बाहर की तरफ मुंह करके बैठा है। A गुजरात से संबंधित व्यक्ति है। A केंद्र की तरफ मुंह करके बैठा है। बंगलुरु से संबंधित व्यक्ति E के तुरंत बाद बाईं तरफ बैठा है। गुजरात एवं मुंबई से संबंधित व्यक्तियों के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। C, E की तरह ही मुंह करके बैठा है। दिल्ली से संबंधित व्यक्ति चेन्नई से संबंधित व्यक्ति के ठीक बाईं तरफ बैठा है।


9. B निम्न में किस शहर से संबंधित है?

(a) हैदराबाद (b) मुंबई

(c) पूने (d) बंगलुरू

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर–(a)




(नोट - यही चित्र प्रश्न 9 से 13 के लिए उपयुक्त है)

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि B हैदराबाद शहर से संबंधित है।

10. C व पूने से संबंधित व्यक्ति के ठीक बीच में निम्न में से कौन बैठा है?

(a) चेन्नई से संबंधित व्यक्ति (b) B

(c) मुंबई से संबंधित व्यक्ति (d) G

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर–(c)

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है C व पूने से संबंधित व्यक्ति के ठीक बीच मुंबई से संबंधित व्यक्ति बैठा है।

11. चेन्नई से संबंधित व्यक्ति व A के बीच में कितने लोग बैठे हैं, यदि गिनती A के दाईं तरफ से शुरू करते हैं?

(a) एक (b) दो

(c) तीन (d) चार

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर—(a)

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है चेन्नई से संबंधित व्यक्ति व A के बीच में एक व्यक्ति (D) बैठा है। (गिनती A के दाईं तरफ से है)

12. निम्न में कौन, उन लोगों के बीच बैठा है जो मुंबई एवं गुजरात से संबंधित है, यदि मुंबई वाले व्यक्ति के बाएं तरफ से गिनती शुरू की जाती है?

(a) B और C (b) D और F

(c) C और E (d) G और F

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर—(a)

मुंबई एवं गुजरात से संबंधित व्यक्तियों के बीच B और C बैठे हैं। (गिनती मुंबई के बाएं तरफ से)

13. निम्न चार में तीन की स्थिति दी गई व्यवस्था के अनुसार एक जैसी है। कौन-सा समूह से संबंधित नहीं है?

(a) दिल्ली (b) गुजरात

(c) पूने (d) बंगलुरू

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर—(d)

बंगलुरू की स्थिति बाहर की तरफ है जबकि अन्य तीनों दिल्ली, गुजरात एवं पूने वाले व्यक्ति केंद्र की तरफ मुंह करके बैठे हैं।

**निर्देश - (प्रश्न संख्या 14 से प्रश्न संख्या 17 तक)**

निम्नलिखित को ध्यानपूर्वक पढ़े व नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-

5 डॉक्टर A, B, C, D एवं E, चार इंजीनियर G, H, K एवं L, छः शिक्षक M, N, O, P, Q एवं R में कुछ टीमों का चयन किया गया। उनमें से A, B, G, H, O, P एवं Q महिलाएं एवं बाकी पुरुष हैं। टीमों का गठन निम्न शर्तों पर आधारित है-

(1) जब भी कोई पुरुष डॉक्टर होगा, तब कोई भी महिला शिक्षक नहीं होगी।

(2) जब भी कोई पुरुष इंजीनियर होगा, तब कोई भी महिला डॉक्टर नहीं होगी।

(3) किसी भी टीम में दो पुरुष शिक्षक से ज्यादा नहीं होंगे।

14. अगर टीम में दो डॉक्टर, तीन महिला शिक्षक एवं दो इंजीनियर हैं, तब निम्न में कौन टीम के सदस्य होंगे -

(a) A, B, O, P, Q, G, H

(b) C, D, K, L, O, P, Q

(c) D, E, G, H, O, P, Q

(d) C, D, O, P, Q, G, H

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर—(a)

| प्रश्नानुसार, | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| इंजीनियर | KL | GH |
| डॉक्टर | CDE | AB |
| शिक्षक | MNR | OPQ |

अब,

∵ जब कोई महिला शिक्षक समूह में होगी तो डॉक्टर पुरुष नहीं होगा।

अतः टीम के सदस्य, जिसमें 2 डॉक्टर, 3 महिला शिक्षक एवं दो इंजीनियर हों-

ABOPQGH

अतः विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

15. अगर टीम में दो डॉक्टर, एक इंजीनियर व चार शिक्षक हैं, तो निम्न सभी टीमें संभव हैं, सिवाय -

(a) A, B G, M, N, O, P (b) A, B, H, M, O, P, Q

(c) A, B, H, M, O, P, R (d) A, B, K, N, R, P, Q

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर—(d)

प्रश्नानुसार

∵ दो पुरुष शिक्षक (O) से ज्यादा एक टीम में नहीं रह सकते

अतः टीम में शिक्षक = MNOP

अब ∵ महिला डॉक्टर का चुनाव करेंगे क्योंकि महिला शिक्षक दल में हैं -

अतः डॉक्टर = AB

तथा इंजीनियर = G या H

∵ विकल्प (d) में K अक्षर आया है जो कि पुरुष इंजीनियर को दर्शाता है अतः विकल्प (d) का चयन नहीं किया जा सकता।

16. **अगर टीम में दो डॉक्टर, दो महिला शिक्षक व दो इंजीनियर हैं, तो निम्न में से किसके सिवाय सभी टीमें संभव हैं -**

(a) A, B, G, H, O, Q (b) A, B, G, H, P, Q

(c) A, B, K, L, P, Q (d) O, P, G, H, A, B

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

प्रश्नानुसार

डॉक्टर = A, B

इंजीनियर = G, H

शिक्षक = O, P, Q

अत: विकल्प (c) A B K L P Q टीम का चयन नहीं हो सकता।

17. **अगर टीम में तीन डॉक्टर, दो पुरुष इंजीनियर व दो शिक्षक होते हैं, तो टीम के सदस्य होंगे -**

(a) A, B, C, K, L, M, R

(b) B, C, D, K, L, N, R

(c) C, D, E, K, L, M, N

(d) C, D, E, K, L, P, R

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

प्रश्नानुसार,

अभीष्ट टीम के सदस्य - C, D, E, K, L, M, N होंगे।

अत: विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**निर्देश- (प्रश्न संख्या 18 से 22)** Mr. A, Mr. B, Mrs. C, Mrs. D, Mr. E और Miss F, एक बैंक के सदस्य हैं। उनकी पोजीशन इस प्रकार है–प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, कैशियर, स्टेनो, टेलर और क्लर्क, यह अनिवार्य नहीं कि सब क्रम में हो।

सहायक प्रबंधक, प्रबंधक का पोता है। कैशियर स्टेनोग्राफर का दामाद है। Mr. A अविवाहित हैं। Mrs. D टेलर की सौतेली बहन है। Mr. E प्रबंधक के पति हैं। Mr. B का कोई पोता या दामाद नहीं हो सकता चूंकि वे 20 वर्षीय हैं। D और F प्रबंधक नहीं हैं।

18. **प्रबंधक कौन है?**


(a) Mr. A (b) Mrs. C

(c) Mr. E (d) इनमें से कोई नहीं

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

प्रश्नानुसार चित्र बनाने पर,




स्पष्ट है कि Mrs. C प्रबंधक हैं।

अत: विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

19. **सहायक प्रबंधक कौन है?**

(a) Mr. A (b) Miss F

(c) Mrs. C (d) Mr. B

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि Mr. A सहायक प्रबंधक हैं।

20. **टेलर कौन है?**

(a) Miss F (b) Mrs. C

(c) Mr. A (d) Mrs. D

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि Miss F टेलर हैं।

21. **क्लर्क कौन है?**

(a) Mr. B (b) Mrs. D

(c) Miss F (d) इनमें से कोई नहीं

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि Mrs. D क्लर्क हैं।

22. **कैशियर कौन है?**

(a) Mr. A या Mrs. D (b) Miss F

(c) Mr. B (d) Mrs. C

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि Mr. B कैशियर हैं।

**निर्देश-(प्रश्न संख्या 23 से 25)** निम्नलिखित कथनों का सावधानी से परीक्षण कीजिए और उसके बाद आने वाले तीन प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

चार मित्रों A, B, C और D में से A और B फुटबॉल और क्रिकेट खेलते हैं। B और C क्रिकेट और हॉकी खेलते हैं। A और D बास्केटबॉल और फुटबॉल खेलते हैं। C और D हॉकी और बास्केटबॉल खेलते हैं।

**23. B, C और D कौन-सा खेल खेलते हैं?**

(a) बास्केटबॉल (b) हॉकी

(c) क्रिकेट (d) फुटबॉल

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(b)**

प्रश्नानुसार

B = फुटबॉल क्रिकेट हॉकी

C = क्रिकेट हॉकी बास्केटबॉल

D = हॉकी बास्केटबॉल फुटबॉल

उपर्युक्त से स्पष्ट है कि B, C एवं D तीनों हॉकी खेलते हैं।

**24. फुटबॉल, बास्केटबॉल और हॉकी कौन खेलता है?**

(a) D (b) C

(c) B (d) A

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(a)**

दिया है—

A एवं B खेलते हैं- फुटबॉल, क्रिकेट

B एवं C खेलते हैं- क्रिकेट, हॉकी

C एवं D खेलते हैं- हॉकी बास्केटबॉल

A एवं D खेलते हैं- फुटबॉल बास्केटबॉल

अब प्रश्न से,

फुटबॉल, बास्केटबॉल एवं हॉकी तीनों खेल खेलने वाला D है।

**25. हॉकी कौन नहीं खेलता है?**

(a) D (b) C


(c) B (d) A

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न (20) की व्याख्या से स्पष्ट है कि खिलाड़ी A हॉकी नहीं खेलता है।

**26. नीचे दिए गए चित्र पर विचार करें-**




T = परिवहन

Ec = बच्चों पर शिक्षा

H = मकान

C = वस्त्र

F = भोजन

S = बचत

O = अन्य

**उपर्युक्त दर्शाए गए चित्र से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि**

(a) परिवार ने भोजन और वस्त्र पर अपनी आय का आधे से अधिक खर्च किया

(b) परिवार द्वारा की गई बचत बहुत ही कम थी

(c) परिवार की कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी

(d) परिवार ने अर्जित आय से सभी आवश्यक खर्चों को पूरा करने का प्रबंध किया

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(d)**

प्रश्नगत दी गई आकृति से यह स्पष्ट है कि

विकल्प (a) से - यह निष्कर्ष नहीं निकलता है कि भोजन और वस्त्र पर आधे से अधिक खर्च करता है।

विकल्प (b) से - यह निष्कर्ष नहीं निकलता है कि परिवार की बचत बहुत कम थी।

विकल्प (c) से - यह निष्कर्ष नहीं निकलता है कि स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं थी।

विकल्प (d) से - यह निष्कर्ष निकलता है कि परिवार अर्जित आय से सभी आवश्यकताओं की पूर्ति का प्रबंध करता है।

**27. जो लोग गंजे (Bald) होते हैं वे सामान्यतः बुद्धिमान होते हैं, अनिल गंजा है, अतः अनिल बुद्धिमान है-**

(a) सत्य

(b) संभवतः सत्य

(c) गलत

(d) कहा नहीं जा सकता

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(b)**

कथन है जो लोग गंजे होते हैं वे सामान्यतः बुद्धिमान होते हैं। अनिल गंजा है इसलिए संभवतः अनिल बुद्धिमान होगा। अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।